Girls' High School and College, Prayagraj

Work Sheet - No. 6

Session - (2020-21)

Class - 3 (A-F)

Subject - HINDI

Topic - पाठ 5- वचन, पाठ 16- विलोम शब्द (व्याकरण)

निर्देश: अभिभावकों से यह अपेक्षा की जाती है कि छात्राएँ पाठ 'वचन' तथा 'विलोम शब्द' के विषय में बताए गए विवरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर समझें और 'वचन' तथा 'विलोम शब्दों' को लिखकर याद करें, व दिए गए अभ्यास कार्य को लिखकर पूर्ण करें -

पाठ-5 वचन

'वचन' हमें संख्या के विषय में बताते हैं।

वचन की परिभाषा: जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के एक या एक से अधिक होने का बोध कराते हैं, उन्हें वचन कहते हैं। जैसे - पुस्तक-पुस्तकें, लड़की-लड़कियाँ, केला-केले आदि।

वचन के भेद: वचन के दो भेद होते हैं।
(1) एकवचन (2) बहुवचन

एकवचन: शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या व्यक्ति के 'एक' होने का बोध होता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं। जैसे - पंखा, चूहा, लड़का आदि।

बहुवचन: शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या व्यक्ति के 'एक से अधिक' होने का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - पंखे, चूहे, लड़के आदि।

नीचे दिए गए वचनों को पढ़ें और लिखकर याद करें -

	एकवचन	बहुवचन
1	पुस्तक	पुस्तकें
2	पेंसिल	पेंसिलें
3	तोता	तोते
4	चाबी	चाबियाँ
5	संतरा	संतरे
6	घाता	घाते
7	कौआ	कौए
8	कन्या	कन्याएँ
9	अध्यापिका	अध्यापिकाएँ
10	पाठशाला	पाठशालाएँ
11	चूड़ी	चूड़ियाँ
12	बिल्ली	बिल्लियाँ
13	लड़की	लड़कियाँ
14	चुहिया	चुहियाँ
15	चिड़िया	चिड़ियाँ
16	मछली	मछलियाँ

अभ्यास-कार्य

1. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए -

क चाबी
ख संतरा
ग मछली
घ छाता
ङ पेंसिल

2. खाली स्थानों में उपयुक्त वचन भरो -

क बंदर ____ खा रहा है। (केला / केले)
ख माला के हाथ में ____ है। (पुस्तकें / पुस्तक)
ग ____ विद्यालय जा रही हैं। (लड़की / लड़कियाँ)
घ ____ ने मेरे कपड़े कुतर दिए। (चुहियाँ / चुहिया)
____ कक्षा में पढ़ रही हैं। (कन्या / कन्याएँ)

3. सही मिलान करो -

क अध्यापिका	पाठशालाएँ
ख कौआ	तोते
ग पाठशाला	चूड़ियाँ
घ तोता	अध्यापिकाएँ
ङ चूड़ी	कौए

पाठ-16

विलोम शब्द

एक-दूसरे के विपरीत या उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द 'विलोम शब्द' कहलाते हैं। विलोम शब्दों को 'विपरीतार्थक शब्द' भी कहते हैं। जैसे - अमीर-गरीब, दिन-रात, देवता-दानव आदि।

नीचे दिए गए 'विलोम शब्दों' को पढ़ें और लिखकर याद करें -

	शब्द	विलोम
1	अपना	पराया
2	कमज़ोर	ताकतवर
3	आकाश	पाताल
4	आना	जाना
5	आरंभ	अंत
6	अँधेरा	उजाला
7	अच्छा	बुरा
8	आय	व्यय
9	उदय	अस्त
10	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
11	उन्नति	अवनति
12	उठना	बैठना
13	ऊपर	नीचे
14	एक	अनेक
15	क्रय	विक्रय

अभ्यास कार्य

(1) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

1 आय
२ एक
3 कमजोर
4 आना
5 उठना
6 क्रय

(2) रिक्त स्थानों में उचित विलोम शब्द लिखिए -

1. सूर्य प्रातः उदय होता है और शाम को ___ हो जाता है।
2. दीपक अच्छा लड़का है पर मनु बहुत ___ है।
3. मैं छत पर ऊपर थी लेकिन मेरा भाई ___ था।
4. आजकल किसे अपना कहें और किसे ___ ।

(3) सही मिलान करो -

1	आकाश	उजाला
२	आरंभ	अवनति
3	अँधेरा	अनुत्तीर्ण
4	उत्तीर्ण	पाताल
5	उन्नति	अंत

END